मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–**cm-212**
24/05/2022

मुख्यमंत्री ने गया में गंगा जल आपूर्ति योजना की कार्य प्रगति का किया निरीक्षण

पटना, 24 मई, 2022 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज गया के अबगीला में निर्माणाधीन गया–बोधगया जलशोधन संयंत्र एवं गया जलाशय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को कार्य प्रगति की जानकारी देते हुए बताया कि जून के अंत तक कार्य पूर्ण कर लिया जाएगा। मुख्यमंत्री ने निर्देश देते हुए कहा कि जल्द–से–जल्द कार्य पूर्ण करें ताकि लोगों को गंगा जल शुद्ध पेयजल के रूप में मिल सके।

मुख्यमंत्री ने निर्माणाधीन रबर डैम के निर्माण कार्य का स्थल निरीक्षण किया। अधिकारियों ने निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री को कार्य प्रगति की जानकारी दी। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि फल्गु नदी के बायें तट पर विष्णुपद मंदिर के निकट पूरे वर्ष जल उपलब्ध कराने के लिए कार्य किया जा रहा है। इसे जल्द–से–जल्द पूरा करें। पितृपक्ष के दौरान बड़ी संख्या में बाहर से लोग आते हैं। इस कार्य के पूर्ण होने से लोगों को सहूलियत होगी। इसके पश्चात् मुख्यमंत्री ने ब्रह्म योनि पर्वत पर बुडको द्वारा निर्माणाधीन पेयजल योजना की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने बताया कि गया के 50 प्रतिशत क्षेत्र में यहां से गंगाजल, शुद्ध पेयजल के रूप में लोगों को उपलब्ध हो सकेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि कार्य को जल्द–से–जल्द पूर्ण करें। गंगा का जल लोगों को शुद्ध पेयजल के रूप में मिलने लगेगा तो वे निजी बोरिंग का इस्तेमाल कम–से–कम करेंगे जिससे भूजल स्तर भी मेनटेन रहेगा। लोगों को जल संरक्षण के प्रति जागरूक करें।

इसके पश्चात् मुख्यमंत्री ने विष्णुपद मंदिर में पूजा–अर्चना कर राज्य की सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना की।

इसके पश्चात् मुख्यमंत्री महाबोधि मंदिर भी गये, जहॉ उन्होंने भगवान बुद्ध की पूजा–अर्चना की। मुख्यमंत्री ने राज्य की सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना की।

निरीक्षण के दौरान जल संसाधन मंत्री श्री संजय कुमार झा, सांसद श्री विजय कुमार, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री दीपक कुमार, मुख्य सचिव श्री आमिर सुबहानी, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ0 एस0 सिद्धार्थ, नगर विकास एवं आवास विभाग के प्रधान सचिव श्री आनंद किशोर, जल संसाधन विभाग के सचिव श्री संजय कुमार अग्रवाल, मगध प्रमंडल के आयुक्त श्री मयंक बड़बड़े, बुडको के प्रबंध निदेशक श्री धर्मेंद्र कुमार, मगध प्रक्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक श्री विनय कुमार, वरीय पुलिस अधीक्षक श्रीमती हरप्रीत कौर एवं नगर आयुक्त श्रीमती अभिलाषा शर्मा सहित अन्य वरीय अधिकारी मौजूद थे।

******